Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

مَنْ يَّهْدِ اللّٰهُ فَهُوَ الْمُهْتَدِيْ ۚ وَمَنْ يُّضْلِلْ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْخٰسِرُوْنَ ○

(सूरः ऐराफ़ : 179)

अनुवाद : जिसे अल्लाह हिदायत दे तो वही है जो हिदायत याफताह होता है और जिसे वह गुमराह ठहरा दे तो यही हैं जो नुक़्सान उठाने वाले हैं ।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 7
अंक- 46

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

# साप्ताहिक बदर क़ादियान

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

21 रबीउल सानी 1444 हिज्री कमरी, 17 नबुव्वत 1401 हिज्री शम्सी, 17 नवम्बर 2022 ई.

## अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

## आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

### महिला का जानवर ज़बह करना नुक़्सान से बचाने के लिए वकील का मालिक की संपत्ति में अधिकार

(2304) काब बिन मालिक रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है वह अपने बाप की सम्बन्ध में वर्णन करते थे कि उनकी बकरियां थीं जो सुलआ पहाड़ पर चरा करती थीं। हमारी एक लौंडी ने हमारी बकरियों में से एक बकरी को देखा कि वह मर रही है । उसने एक पत्थर तोड़ा और उससे उसको ज़बह किया। हज़रत काब रज़ियल्लाहु अन्हो घर वालों से कहा जब तक रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से मैं पूछ न लूं उसे न खाना। या (कहा) जब तक नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तरफ़ किसी को भेज कर में आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से पुछवा न लूं, और उन्होंने नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से उसके सम्बन्ध में पूछा या किसी को भेज कर पुछवाया। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसके खाने की इजाज़त दी। अबैदुल्लाह कहते थे मुझे यह बात बहुत पसंद आई कि उसने लौंडी हो कर (बकरी को) ज़िबह कर दिया।

(तशरीह) हज़रत सय्यद ज़ैनुल आबैदीन वलीउल्लाह शाह साहिब रज़ियल्लाहु अन्हो फ़रमाते हैं इस हदीस का ताल्लुक़ हलाल और हराम से नहीं, बल्कि वकालत से है। लौंडी बकरियों वाले की ममलूका थी और इस लिहाज़ से रेवड़ की हिफ़ाज़त उसके सपुर्द थी। उसने हुस्न तसर्रुफ़ (अधिकार) से काम लिया और बकरी को मरते देखा तो ज़िबह कर दिया। अतः यूं करना वकील और मुहाफ़िज़ के लिए जायज़ है और वकील विशेष हालात में ऐसा तसर्रुफ़ करने का मजाज़ है जो नुक़्सान से बचाने वाला हो।

(बुख़ारी, भाग 4 किताबुल वाकालाह, मुद्रित 2008 क़ादियान) ★ ★ ★

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो सूरः नहल आयत नंबर : 126

اُدْعُ اِلٰى سَبِيْلِ رَبِّكَ بِالْحِكْمَةِ وَالْمَوْعِظَةِ الْحَسَنَةِ وَجَادِلْهُمْ بِالَّتِيْ هِيَ اَحْسَنُ ۭ اِنَّ رَبَّكَ

# बादशाह भी इस सिलसिला में दाख़िल होंगे और फिर उनके साथ एक दुनिया इस तरफ़ रुजू करेगी

## हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

### जमाअत के भविष्य के बारे में एक स्वप्न

“मुझे बड़े ही कशफ़ सही से मालूम हुआ है कि बादशाह भी इस सिलसिला में दाख़िल होंगे। यहां तक कि वे बादशाह मुझे दिखाए भी गए हैं। वे घोड़ों पर सवार थे और यह भी अल्लाह तआला ने फ़रमाया है कि मैं तुझे यहां तक बरकत दूँगा कि बादशाह तेरे कपड़ों से बरकत ढूँडेंगे।

अल्लाह तआला एक ज़माना के बाद हमारी जमाअत में ऐसे लोगों को दाख़िल करेगा और फिर उनके साथ एक दुनिया इस तरफ़ रुजू करेगी।

सोहबत सालेहीन

क़ुरआन शरीफ़ में आया है قَدْ اَفْلَحَ مَنْ زَكّٰىهَا (शम्स :10) उसने निजात पाई जिसने अपने नफ़्स का तज़किया किया। तज़किया नफ़्स के वास्ते सोहबत सालेहीन, सालेहीन और नेकों के साथ ताल्लुक़ पैदा करना बहुत मुफ़ीद है। झूठ इत्यादि बुरे आचरण दूर करने चाहिए और जो राह पर चल रहा है उस से रास्ता पूछना चाहिए। अपनी ग़लतियों को साथ-साथ दरुस्त करना चाहिए। जैसा कि गलतियां निकालने के बग़ैर इमला दरुस्त नहीं होती वैसा ही गलतियां निकालने के बग़ैर अख़लाक़ भी दरुस्त नहीं होते। आदमी ऐसा जानवर है कि उसका तज़किया साथ-साथ होता रहे तो सीधी राह पर चलता है अन्यथा बहक जाता है।”

### ख़ौफ़-ए-ख़ुदा

फ़रमाया : “रात के वक़्त जब सब तरफ़ ख़ामोशी होती है और हम अकेले होते हैं, उस वक़्त भी ख़ुदा की याद में दिल डरता रहता है कि वह बेनयाज़ है।”

इन्केसारी

फ़रमाया : “जब इन्सान को कामयाबी हासिल हो जाती है और क्षमा-याचना और मुसीबत की हालत नहीं रहती तो जो शख़्स उस वक़्त इन्केसारी को इख़्तेयार करे और ख़ुदा को याद रखे वह कामिल है।”

(मल्-फ़ूज़ात, भाग प्रथम, पृष्ठ 416 प्रकाशन क़ादियान 2018)

★ ★ ★

## तुम ऐसे तरीक़ से कलाम किया करो जिसको दूसरा समझ सके और इस से उसकी ग़लतफ़हमी दूर हो सके

## जो शख़्स जल्द तेज़ हो कर ग़ुस्से और जोश में आ जाता है वह दूसरों को हरगिज़ समझा नहीं सकता

## दुश्मन के मुक़ाबला में जो बात कहो सच्ची कहो, दूसरों को हिदायत देते-देते ख़ुद ही गुमराह न हो जाओ

هُوَ اَعْلَمُ بِمَنْ ضَلَّ عَنْ سَبِيْلِهٖ وَهُوَ اَعْلَمُ بِالْمُهْتَدِيْنَ ○

अनुवाद : (और हे रसूल) तू (लोगों को) हिक्मत और अच्छी नसीहत के ज़रीया से अपने रब की राह की तरफ़ बुला। और उस तरीक़ से जो सबसे अच्छा हो, उनसे उनके इख़तेलाफ़ात के विषय में बेहस कर तेरा रब उनको (भी) जो उसकी राह से भटक गए हों (सब से) बेहतर जानता है और वह हिदायत पाने वालों को (भी सबसे) बेहतर जानता है की तफ़सीर में फ़रमाता है :

हिक्मत के माने हिल्म के भी होते हैं। फ़रमाया कि नरमी के साथ और अक़ल से काम लेते हुए बात किया करो। क्योंकि जो शख़्स ऐसा नहीं करता बल्कि जलद तेज़ हो कर ग़ुस्से और जोश में आ जाता है वह दूसरों को हरगिज़ समझा नहीं सकता।

नबुव्वत के अर्थों की दृष्टि से यह मतलब होगा कि इलाही कलाम की मदद से लोगों को दीन की तरफ़ बुलाओ। जो दलायल ख़ुद क़ुरआन-ए-करीम ने दिए हैं उन्ही को पेश करो,

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

# इस्लाम और सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मुख़ालिफ़ अलेक्जेंडर डोवी के शहर ज़ायन (zion) से शुरू होने वाली

# हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की ग़ैरमामूली अहमयित और बरकतों की हामिल ऐतिहासिक अमरीका की यात्रा

## सितंबर, अक्तूबर 2022 ई. (भाग - 2)

28 सितंबर 2022 बुधवार के दिन

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर "मस्जिद फ़तह अज़ीम" में तशरीफ़ लाकर नमाज़ फ़ज्र पढ़ाई।

नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए। सुबह हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ मुख़्तलिफ़ दफ़्तरी उमूर की अंजाम दही में व्यस्त रहे। प्रोग्राम के मुताबिक़ 11 बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ अपने दफ़्तर तशरीफ़ लाए और फ़ैमिली मुलाक़ातें शुरू हुईं।

फ़ैमिली मुलाक़ात और तास्सुरात

आज सुबह के इस सैशन में 42 फ़ैमिलीज़ के 186 अफ़राद ने अपने प्यारे आक़ा से मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। इन सभी फ़ैमिलीज़ ने हुज़ूर अनवर के साथ तसावीर बनवाने की सआदत पाई। हुज़ूर अनवर ने अज़राह-ए-शफ़क़त तालीम हासिल करने वाले विद्यार्थियों को क़लम अता फ़रमाए और छोटी आयु के बच्चों और बच्चियों को चॉकलेट अता फ़रमाए।

आज ज़ायन (zion) की जमाअत के इलावा

| | |
|---|---|
| detroit | miami |
| chicago | los angeles |
| dayton | sacramneto |
| silicon valley | minnesota |
| milwaukee | georgia |
| st.louis | oshkosh |
| austin | kansas city |

की जमातों से आने वाले अहबाब और फ़ैमिलीज़ ने भी मुलाक़ात का सौभाग्य पाया।

कुछ मुक़ामात से अहबाब बड़े तवील तरीन सफ़र तै करके मुलाक़ात के लिए पहुंचे थे। केंसास से आने वाली फ़ैमिलीज़ 556 मील, जॉर्जिया से आने वाली 748 मील, लास अंजलीज़ से आने वाली फ़ैमिलीज़ 2046 मील और सकारमेंटो से आने वाली फ़ैमिलीज़ और अहबाब 2072 मील का तवील सफ़र तै कर के पहुंचे थे।

आज मुलाक़ात करने वाली फ़ैमिलीज़ में बड़ी संख्या उन लोगों की थी जो पाकिस्तान से हिज्रत करके यहां आए थे और अपनी ज़िंदगी में पहली बार हुज़ूर अनवर से मिल रहे थे। उनकी ख़ुशी नाक़ाबिल-ए-बयान थी उन्होंने अपने प्यारे आक़ा के क़ुरब में जो चंद लमहात गुज़ारे वे उनकी सारी ज़िंदगी का सरमाया थे। उनमें से प्रत्येक बरकतें समेटते हुए बाहर आया और उनकी तकालीफ़ और परेशानियाँ राहत-ओ-सुकून में बदल गईं।

शिकागो ईस्ट से आने वाले अब्दुल नूर सलमान साहिब कहने लगे कि मैं मुलाक़ात का समय शब्दों में वर्णन नहीं कर सकता। यह मेरी सारी ज़िंदगी का एक यादगार तरीन वाक़िया है। मैंने हुज़ूर के चेहरे से नूर निकलते देखा है।

शिकागो से आने वाले एक दोस्त जब मुलाक़ात करके दफ़्तर से निकले तो रोने लग गए उनकी आँखों से आँसू रवां थे बड़ी मुश्किल से बात कर रहे थे। कहने लगे हुज़ूर ने मुझे फ़रमाया है कि नमाज़ पढ़ो, नमाज़ पर तवज्जा दो कि यह है समस्त मुश्किलात का हल।

एक ख़ातून बीनिश अहमद साहिबा कहने लगीं कि यह आज की मुलाक़ात मेरी ज़िंदगी की सबसे बड़ी ख़ाहिश थी जो आज पूरी हो गई। यह बात कहते हुए मौसूफ़ा रोने लगीं। कहने लगीं कि मैं आज कितनी ख़ुश-क़िस्मत हूँ कि इतनी बड़ी जमाअत है और ख़ुदा तआला ने मुझे यह अवसर अता फ़रमाया है।

एक दोस्त शाहिद अहमद साहिब ने कहा कि मैं छयालीस साल का हो गया हूँ और कभी मुलाक़ात नहीं की। मुझे अपनी सारी ज़िंदगी में इस दिन का इंतिज़ार था। आज मुझे ऐसा रुहानी तजुर्बा हुआ है कि मैं इस को वर्णन नहीं कर सकता।

एक साहिब ज़ीरक महमूद साहिब कहने लगे कि मैं बहुत ख़ुश-क़िस्मत हूँ कि मैं तो पाकिस्तान में था ख़ुदा तआला मुझे अमरीका लेकर आया और यहां मुझे मुलाक़ात की सआदत नसीब हुई।

एक दोस्त सय्यद जमशेद अली साहिब जब मुलाक़ात करके बाहर आए तो उनकी आँखों में आँसू थे। बहुत ख़ुशी का इज़हार कर रहे थे कि मैं तो अपने बिज़नस की कामयाबी के लिए दुआएं लेकर आया हूँ।

ज़ायन जमाअत के एक दोस्त एजाज़ुल हक़ साहिब कहने लगे कि हुज़ूर अनवर ने मुझे फ़रमाया कि अब आपने इस मस्जिद को आबाद करना है और पांचों नमाज़ों की अदायगी पर तवज्जा देनी है।

एक दोस्त ज़ैद अहमद जो जमाअत से 2072 मील की दूरी तै करके मुलाक़ात के लिए आए थे कहने लगे कि मुझे इस क़दर ख़ुशी है कि मैं वर्णन नहीं कर सकता। मेरे पास अलफ़ाज़ नहीं हैं। आज में अमरीका में सिर्फ हुज़ूर की वजह से ही हूँ। हुज़ूर ने पाकिस्तान में मेरी फ़ैमिली का वज़ीफ़ा लगवाया था और इस बाबरकत वज़ीफ़े से मेरे चार भाईयों ने डिग्रियां हासिल कीं और इसी वज़ीफ़ा से मैं ने आई टी में मास्टर डिग्री हासिल की और आज उसी डिग्री की बदौलत अमरीका में मुलाज़मत हासिल की है।

एक साहिब मेजर नईम अहमद जो शिकागो से आए थे कहने लगे कि हमने यह मस्जिद बनवाई है। हम इस मस्जिद के बनाने वाले थे हुज़ूर अनवर ने मस्जिद की तामीर पर ख़ुशी का इज़हार किया और फ़रमाया कि आप लोगों ने अत्यधिक ज़बरदस्त मस्जिद बनवाई है। गेस्ट हाऊस में और मस्जिद में कोई कमी नहीं रहने दी।

एक दोस्त हाफ़िज़ अली असग़र साहिब जो लास एजलीस 2046 मील का फ़ासिला तै करके मुलाक़ात के लिए आए थे कहने लगे कि हुज़ूर ने मुझे नसीहत करते हुए फ़रमाया कि और ज़्यादा क़ुरआन-ए-करीम को सुनो और पढ़ो ताकि हिफ़्ज़ क़ुरआन ठीक रहे।

एक दोस्त बशारत साहिब ने अपने तास्सुरात का इज़हार करते हुए कहा कि मैं आठ साल पहले साउथ अफ़्रीक़ा से अमरीका आया था मैंने भी मस्जिद की तामीर में मदद की है। हुज़ूर से मुलाक़ात करके हम बेहद ख़ुश हैं। मुझे तसकीन क़लब हासिल हुई है।

लास से 2046 मील का फ़ासिला तै करके मुलाक़ात के लिए आने वाले एक दोस्त अहमद अली ख़ालिद साहिब जब मुलाक़ात के बाद दफ़्तर से बाहर निकले तो उनकी आँखों से आँसू रवां थे और दिल जज़बात से भरा हुआ था

शेष पृष्ठ 8 पर

# ख़ुत्बः जुमअः

"मेरी बैअत से ख़ुदा दिल का इक़रार चाहता है। अतः जो सच्चे दिल से मुझे क़बूल करता है और अपने गुनाहों से सच्ची तौबा करता है ग़फ़ूर-ओ-रहीम ख़ुदा उसके गुनाहों को ज़रूर बख़श देता है और वह ऐसा हो जाता है जैसे माँ के पेट से निकला है तब फ़रिश्ते उसकी हिफ़ाज़त करते हैं।" (हज़रत मसीह मौऊद और महदी माहूद अलैहिस्सलाम)

सबसे बड़ा एहसान जो अल्लाह तआला ने हम अहमदियों पर किया है वह यह है कि उसने हमें ज़माने के इमाम और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आशिक़-ए-सादिक़ को मानने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाई है

अल्लाह तआला की शुक्रगुज़ारी यह है कि हम अल्लाह तआला के हुक्मों पर चलें। अल्लाह तआला की इबादत के भी हक़ अदा करने वाले बनें और उस की मख़लूक़ के भी हक़ अदा करने वाले बनें

वहईमान जो ख़दशात और तुहमात से भरा हुआ है कोई नेक नतीजा पैदा करने वाला नहीं होगा लेकिन अगर तुमने सच्चेदिल से तस्लीम कर लिया है कि मसीह मौऊद वाक़ई हक़म है तो फिर उसके आदेश और फ़ेअल के सामने अपने हथियार डाल दो और उसके फ़ैसलों को इज़्ज़त की निगाह से देखो ताकि तुम रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पाक बातों की इज़्ज़त और अज़मत करने वाले ठहरो

ख़िलाफ़त के साथ वाबस्तगी और इताअत के अह्द को निभाना भी हर अहमदी का फ़र्ज़ है अन्यथा बैअत अधूरी है
"सच्ची बात यही है कि तुम इस चश्मे के क़रीब आ पहुंचे हो जो उस वक़्त ख़ुदा तआला ने अबदी ज़िंदगी के लिए पैदा किया है। हाँ पानी पीना अभी बाक़ी है"

"मेरी बैअत से ख़ुदा दिल का इक़रार चाहता है। अतः जो सच्चे दिल से मुझे क़बूल करता है और अपने गुनाहों से सच्ची तौबा करता है ग़फ़ूर-ओ-रहीम ख़ुदा उसके गुनाहों को ज़रूर बख़श देता है और वह ऐसा हो जाता है जैसे माँ के पेट से निकला है तब फ़रिश्ते उसकी हिफ़ाज़त करते हैं।"

इस दुनिया ने हमें नहीं बचाना, न हमारा और हमारी नसलों का भविष्य महफ़ूज़ करना है बल्कि हम अगर لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰهِ कलिमा का हक़ अदा करने वाले होंगे तो अल्लाह तआला हमारी आजिज़ाना दुआओं और नेक-आमाल की वजह से दुनिया को बचा लेगा

जब हम कलिमा पढ़ते हैं तो क्या वाक़ई अल्लाह तआला हमें सब चीज़ों से ज़्यादा महबूब है? उसकी रज़ा हासिल करना हमारा उद्देश्य है? वाक़ई हम अल्लाह तआला के हुक्मों की कामिल इताअत कर रहे हैं?

जो शख़्स हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ख़िलाफ़ बावजूद समझाने के अपशब्दों के प्रयोग से बाज़ नहीं आता इस से भी हम दोस्ती का हाथ नहीं बढ़ा सकते और न किसी अहमदी की ग़ैरत यह बर्दाश्त करती है

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत का हक़ अदा करने के लिए अपनी रुहानी-ओ-अख़लाक़ी हालतों में बेहतरी पैदा करने की तलक़ीन
दुनिया को तबाही से बचाने के लिए दुआएं करने की तहरीक

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 14 अक्टूबर 2022 ई. स्थान - मेरी लैंड, यू.एस.ए.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

अल्लाह तआला का आप पर यह बड़ा एहसान है, जमाअत-ए-अहमदिया पर बड़ा एहसान है, यहां इस मुल्क में आने वाले लोगों पर बड़ा एहसान है कि उसने आपको इस तरक़्क़ी याफताह मुल्क में आने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाई और खासतौर पर पिछले कुछ सालों में पाकिस्तान से बहुत से अहमदी यहां आए हैं और अब भी आ रहे हैं। जो पाकिस्तान से इसलिए हिज्रत करके आए कि वहां अहमदियों के हालात सख़्त से सख़्त-तर होते चले जा रहे हैं और इस वजह से वहां रहना मुश्किल हो गया था और इस लिहाज़ से अहमदियों को इन हुकूमतों का शुक्रगुज़ार होना चाहिए जिन्हों ने बहुत से मज़लूम अहमदियों को यहां रहने की जगह दी लेकिन

सबसे बड़ा एहसान जो अल्लाह तआला ने हम अहमदियों पर किया है वह यह है कि उसने हमें ज़माने के इमाम और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के

आशिक़-ए-सादिक़ को मानने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाई है।

अतः उसके लिए हम ख़ुदा तआला का जितना भी शुक्र करें वह कम है और अल्लाह तआला की शुक्रगुज़ारी यह है कि हम अल्लाह तआला के हुक्मों पर चलें। अल्लाह तआला की इबादत के भी हक़ अदा करने वाले बनें और इस की मख़लूक़ के भी हक़ अदा करने वाले बनें।

और यह तभी सम्भव है जब हम हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत का हक़ अदा करने वाले बनेंगे क्योंकि इस ज़माने में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ही वह राहनुमा हैं जिन्हों ने हज़रत मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पेशगोई के मुताबिक़ इस्लाम की हक़ीक़ी तालीम पर हमें चलाया है।

अतः इस बात को हर अहमदी को अपने सामने रखना चाहिए कि अब हक़ीक़ी इस्लाम की तालीम हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ज़रीया ही मिल सकती है।

क्योंकि आप अलैहिस्सलाम ही वह शख़्स हैं जिनको इस ज़माने में अल्लाह तआला ने क़ुरआन-ए-करीम के उलूम-ओ-मआरिफ़ अता फ़रमाए हैं और इस्लाम का हक़ीक़ी इलम अता फ़रमाया है। आप ही वह शख़्स हैं जो हज़रत मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के हक़ीक़ी आशिक़ हैं और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तालीम और सुन्नत के मुताबिक़ अपनी जमाअत की तर्बीयत करना चाहते हैं। अतः हमें हक़ीक़ी मुस्लमान बनने के लिए अब हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की तरफ़ ही देखना होगा और आप अलैहिस्सलाम के बताए हुए तरीक़ के मुताबिक़ अपनी ज़िंदगियों को ढालना होगा। अपने ईमान को मज़बूत करना होगा। आप अलैहिस्सलाम के आने पर ईमान-ओ-यक़ीन-ए-कामिल करना होगा। आपको हक़म-ओ-अदल मानना होगा। इस यक़ीन पर क़ायम होना होगा कि अब आप के बताए हुए तरीक़ पर चल कर ही इन्सान इस्लाम की हक़ीक़ी तालीम पर चल सकता है।

इसलिए हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम अपने पर कामिल यक़ीन और ईमान पर क़ायम होने की नसीहत करते हुए अपनी बैअत करने वालों को फ़रमाते हैं : "जो शख़्स ईमान लाता है उसे अपने ईमान से यक़ीन और इर्फ़ान तक तरक़्क़ी करनी चाहिए।" केवल ईमान नहीं ले आए बल्कि इस पर यक़ीन भी पैदा होना चाहिए और इस का इर्फ़ान भी हासिल होना चाहिए कि क्यों हम बैअत कर रहे हैं। "न यह कि वह फिर संशय में गिरफ़्तार हो।" फिर यह नहीं है कि दिल में बद ज़न्नीयाँ पैदा हो जाएं कि यह क्यों हुआ और यह क्यों हुआ। सवाल न उठने शुरू हो जाएं। फ़रमाया कि "याद रखो संशय मुफ़ीद नहीं हो सकता। ख़ुदा तआला ख़ुद फ़रमाता है। इन إِنَّ الظَّنَّ لَا يُغْنِي مِنَ الْحَقِّ شَيْئًا (यूनुस : 37)" यक़ीनन संशय हक़ से कुछ भी दूर नहीं कर सकता। "यक़ीन ही एक ऐसी चीज़ है जो इन्सान को बा-मुराद कर सकती है। यक़ीन के बग़ैर कुछ नहीं होता। अगर इन्सान हर बात पर बदज़नी करने लगे तो शायद एक दम भी दुनिया में न गुज़ार सके।" फ़रमाया कि "वह पानी न पी सके कि शायद इस में ज़हर मिला दिया हो। बाज़ार की चीज़ें न खा सके कि उनमें हलाक करने वाली कोई वस्तु हो। फिर किस तरह वह रह सकता है।" ज़िंदगी गुज़ारनी मुश्किल हो जाएगी यह एक मोटी मिसाल है। इसी तरह पर इन्सान रुहानी उमूर में इस से फ़ायदा उठा सकता है।" फ़रमाया कि "अब तुम ख़ुद सोच लो और अपने दिलों में फ़ैसला कर लो कि क्या तुमने मेरे हाथ पर जो बैअत की है और मुझे मसीह मौऊद हक़म अदल माना है तो इस मानने के बाद मेरे किसी फ़ैसला या फ़ेअल पर अगर दिल में कोई कुरूपता या दुख आता है तो अपने ईमान का फ़िक्र करो।

वह ईमान जो ख़दशात और तुहमात से भरा हुआ है, कोई नेक नतीजा पैदा करने वाला नहीं होगा। लेकिन अगर तुमने सच्चे दिल से तस्लीम कर लिया है कि मसीह मौऊद वास्तव में हकम है तो फिर उस के हुक्म और फ़ेअल के सामने अपने हथियार डाल दो। और इस के फ़ैसलों को इज़्ज़त की निगाह से देखो ता तुम रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पाक बातों की इज़्ज़त और अज़मत करने वाले ठहरो।

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की शहादत काफ़ी है वह तसल्ली देते हैं कि वह तुम्हारा इमाम होगा।" अर्थात आने वाला मसीह मौऊद तुम्हारे में से तुम्हारा इमाम होगा। "वह हक़म अदल होगा। अगर इस पर तसल्ली नहीं हुई तो फिर कब होगी। यह तरीक़ हरगिज़ अच्छा और मुबारक नहीं हो सकता कि ईमान भी हो और दिल के बाअज़ गोशों में बद ज़न्नीयाँ भी हों।" ज़ाहिरी तौर पर यह इज़हार हो कि हम ईमान भी ले आए लेकिन फिर कुछ मुआमलात में बद ज़न्नीयाँ भी पैदा हो रही हों। फ़रमाया "... जिन लोगों ने मेरा इंकार किया है और जो मुझ पर एतराज़ करते हैं उन्होंने मुझे शनाख़्त नहीं किया और जिसने मुझे तस्लीम किया है और फिर एतराज़ रखता है वह और भी बदक़िस्मत है कि देखकर अंधा हुआ।" (मल्फ़ूज़ात भाग 3 पृष्ठ 73-74 ऐडीशन 1984 ई.) अतः यह ईमान का मयार है जो हम सब का होना चाहिए।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने ही अपने बाद ख़िलाफ़त के जारी रहने की इत्तिला दी थी। (उद्धरित रिसाला अल् वसीयत, रुहानी ख़ज़ायन भाग 20 पृष्ठ 306) और सिर्फ हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने ही नहीं बल्कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भी मसीह-ओ-महदी के आने के साथ ख़िलाफ़त के ता क़ियामत जारी रहने की ख़बर दी थी।(मस्नद अहमद बिन हम्बल भाग 6 पृष्ठ 285 मस्नद नुमान बिन बशीर हदीस 18596 आलेमुल क़ुतुब बेरूत 1998 ई.) और ख़िलाफ़त-ए-अहमदिया हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के तरीक़ को ही जारी रखने वाला निज़ाम है। इस हुक्म और अदल के फ़ैसलों को ही जारी रखने वाला निज़ाम है। अपने अहद में हर अहमदी ख़िलाफ़त से भी वाबस्तगी और इताअत का अहद करता है। अतः इस लिहाज़ से

ख़िलाफ़त के साथ वाबस्तगी और इताअत के अहद को निभाना भी हर अहमदी का फ़र्ज़ है अन्यथा बैअत अधूरी है।

अतः इस लिहाज़ से भी अपने ईमान और यक़ीन को बढ़ाने की हर अहमदी को हमेशा कोशिश करते रहना चाहिए।

फिर जमाअत को क़ुरआन-ए-करीम को ग़ौर से पढ़ने और उसे समझने की तरफ़ तवज्जा दिलाते हुए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं : "मैं बार-बार इस अमर की तरफ़ उन लोगों को जो मेरे साथ ताल्लुक़ रखते हैं नसीहत करता हूँ कि ख़ुदा तआला ने इस सिलसिला को कश्फ़-ए-हक़ायक़ के लिए क़ायम किया है क्योंकि बदूं उस के अमली ज़िंदगी में कोई रोशनी और नूर पैदा नहीं हो सकता।" फ़रमाया "और मैं चाहता हूँ कि अमली सच्चाई के ज़रीया इस्लाम की ख़ूबी दुनिया पर ज़ाहिर हो जैसा कि ख़ुदा ने मुझे इस काम के लिए मामूर किया है। इसलिए क़ुरआन शरीफ़ को कसरत से पढ़ो परन्तु केवल क़िस्सा समझ कर नहीं बल्कि एक फ़लसफ़ा समझ कर पढ़ो।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 3 पृष्ठ 155 ऐडीशन 1984 ई.)

अतः हर एक को अपने जायज़े लेने चाहिए। इस दुनिया की मसरुफ़ियात में डूब कर कहीं हम अपने बैअत के उद्देश्य को भूल तो नहीं गए

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम तो फ़रमाते हैं कि कुरआन-ए-करीम के उलूम-ओ-मआरिफ़ और अहकामात को समझाने और उन पर अमल करवाने के लिए ख़ुदा तआला ने मुझे मामूर किया है और जो मेरे सिलसिला-ए-बैअत में दाख़िल हैं इस एहमियत को समझें और क़ुरआन-ए-करीम के उलूम-ओ-मआरिफ़ पर ग़ौर करें। इस के मआनी और तफ़सीर को समझने की कोशिश करें और यह उस वक़्त तक नहीं हो सकता जब तक हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के रुहानी खज़ाने को भी हम समझने और पढ़ने की कोशिश नहीं करेंगे। आप के दिए हुए लिटरेचर को भी हम समझने और पढ़ने की कोशिश नहीं करेंगे। आप ने फ़रमाया कि

क़ुरआन-ए-करीम कोई क़िस्सा कहानियां नहीं हैं बल्कि ज़ाबित-ए-हयात है। एक लाह-ए-अमल है जिस पर अमल करना हर अहमदी मुस्लमान का फ़र्ज़ है।

अगर हम यहां आकर, इन मुल्कों में आकर अपने इस उद्देश्य को भूल गए और दुनिया की मसरुफ़ियात में ही ग़र्क़ हो गए, अपने घरों के माहौल को कुरान-ए-करीम की तालीम के मुताबिक़ ढालने की कोशिश न की तो हमारी औलादें और नसलें दीन से दूर होती जाएँगी और यह शुक्रगुज़ारी के बजाय अल्लाह तआला के फ़ज़लों की नफ़ी करने वाली बात होगी। अतः हर अहमदी के लिए चाहे वह पुराने अहमदी हैं, नए अहमदी हैं, यहां पैदा हुए हुए अहमदी हैं या हिज्रत करके आने वाले अहमदी हैं

## इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अः 17 मई 2019)

तालिबे दुआ
KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY, JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

बहुत ग़ौर और सोचने की ज़रूरत है कि

अल्लाह तआला का क़ुरब और उसकी इबादत का हक़ अदा करना और उस की किताब को पढ़ना, समझना और इस पर अमल करना हमारा बुनियादी उद्देश्य होना चाहिए। तभी हम हक़-ए-बैअत अदा कर सकते हैं।

जो हिज्रत करके आए हैं वे दुनिया की मुख़ालिफ़त से तो यहां आकर बच गए हैं लेकिन अगर दीन पर चलने वाले और क़ुरआन-ए-करीम को समझने वाले नहीं तो फिर अल्लाह तआला के फ़ज़लों के वारिस नहीं बन सकते। इसी तरह जो नए होने वाले अहमदी हैं या यहां रहने वाले पुराने अहमदी हैं वो भी याद रखें कि सिर्फ बैअत करने से मक़सद पूरा नहीं होता। मक़सद तभी पूरा होगा जब हम अपने आपको इस्लामी तालीम का हामिल बनाएंगे और वह उस वक़्त तक नहीं हो सकता जब तक हम अल्लाह तआला की किताब को पढ़ें और समझेंगे नहीं।

हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं : "मैं सच्च कहता हूँ कि यह एक तक़रीब है जो अल्लाह तआला ने सआदत मंदों के लिए पैदा कर दी है। मुबारक वही हैं जो इस से फ़ायदा उठाते हैं। तुम लोग जिन्हों ने मेरे साथ ताल्लुक़ पैदा किया है इस बात पर हरगिज़ हरगिज़ मग़रूर न हो जाओ कि जो कुछ तुमने पाना था पा चुके। यह सच्च है कि तुम इन मुनकिरों की सम्बन्ध में क़रीब-तर सआदत प्राप्त करने वाले हो जिन्हों ने अपने शदीद इंकार और तौहीन से ख़ुदा को नाराज़ किया और यह भी सच्च है कि तुमने हुस्न-ए-ज़न से काम लेकर ख़ुदा तआला के ग़ज़ब से अपने आपको बचाने की फ़िक्र की लेकिन सच्ची बात यही है कि तुम इस चश्मे के क़रीब आ पहुंचे हो जो उस वक़्त ख़ुदा तआला ने अबदी ज़िंदगी के लिए पैदा किया है। हाँ पानी-पीना अभी बाक़ी है।

अतः ख़ुदा तआला के फ़ज़ल-ओ-करम से तौफ़ीक़ चाहो कि वह तुम्हें सेराब करे क्योंकि ख़ुदा तआला के बदों कुछ भी नहीं हो सकता।" ख़ुदा तआला का फ़ज़ल न हो तो उस के बग़ैर कुछ नहीं हो सकता इसलिए अल्लाह तआला का फ़ज़ल हमेशा चाहो। फ़रमाया "यह मैं यक़ीनन जानता हूँ कि जो इस चशमा से पिएगा वह हलाक नहीं होगा क्योंकि यह पानी ज़िंदगी बख़्शता है और हलाकत से बचाता है और शैतान के हमलों से महफ़ूज़ करता है। इस चशमा से सेराब होने का क्या तरीक़ है? यही कि ख़ुदा तआला ने जो दो हक़ तुम पर क़ायम किए हैं उनको बहाल करो और पूरे तौर पर अदा करो। उनमें से एक ख़ुदा का हक़ है दूसरा मख़लूक़ का। अपने ख़ुदा को वहदहु ला शरीक समझो जैसा कि इस शहादत के ज़रीया तुम इक़रार करते हो اَشْهَدُ اَنْ لَّا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ अर्थात मैं शहादत देता हूँ कि कोई महबूब, मतलूब और अल्लाह की आज्ञाकारिता के सिवा नहीं है। यह एक ऐसा प्यारा जुमला है कि अगर यह यहूदियों, ईसाईयों या दूसरे मुशरिक बुत परस्तों को सिखाया जाता और वह इस को समझ लेते तो हरगिज़ हरगिज़ तबाह और हलाक नहीं होते। इसी एक कलिमा के न होने की वजह से उन पर तबाही और मुसीबत आई और उनकी रूह मजज़ूम हो कर हलाक हो गई।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 3 पृष्ठ 184-185 ऐडीशन 1984 ई.)

अतः देखें ! किस तरह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने तसल्ली दिलाई और ज़मानत दी है कि तुम जिस चश्मे के क़रीब पहुंचे हो, बैअत करके जिस बात का इक़रार किया है अगर इस से पानी पियोगे, फ़ैज़ उठाओगे, सिर्फ बातों तक ही न रहोगे बल्कि अमल भी करोगे तो फिर तुम्हें यह ज़मानत दी जाती है कि कभी तुम्हारी रुहानी हलाकत नहीं होगी क्योंकि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ही क़ुरआन-ए-करीम के पैग़ाम को और अल्लाह तआला के अहकामात को जारी करने के लिए तशरीफ़ लाए थे। फ़रमाया कि अतः इस बात को समझ लो कि सिर्फ बैअत काफ़ी नहीं है बल्कि अल्लाह तआला अमल को चाहता है और जो अमल करेगा वाही अल्लाह तआला के फ़ज़लों से ख़ाली नहीं रहता, कभी हलाक नहीं होता और यह अमली हालत उस वक़्त पैदा होगी जब اَشْهَدُ اَنْ لَّا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ का कलिमा तुम्हारे ज़ाहिर-ओ-बातिन की आवाज़ बन जाएगा। अल्लाह तआला से ज़्यादा तुम्हें कोई महबूब न हो अल्लाह तआला की रज़ा के इलावा किसी चीज़ की तलब न हो अल्लाह तआला के हुक्मों की कामिल इताअत हो। अब हर एक इस बात से अपने जायज़े ले सकता है कि

जब हम कलिमा पढ़ते हैं तो क्या वाक़ई अल्लाह तआला हमें सब चीज़ों से ज़्यादा महबूब है? उसकी रज़ा हासिल करना हमारा मक़सूद है? वाक़ई हम अल्लाह तआला के हुक्मों की कामिल इताअत कर रहे हैं?

अगर नमाज़ों के वक़्त हमें नमाज़ें पढ़ने की तरफ़ फ़ौरी तवज्जा नहीं होती, अगर हम अपना दुनयवी काम छोड़ कर अल्लाह तआला की आवाज़ पर फ़ौरी लब्बैक कहते हुए नमाज़ के लिए हाज़िर नहीं होते तो मुँह से तो कलिमा पढ़ रहे हैं लेकिन एक मख़फ़ी शिर्क हमारे दिल में है। हमारे दुनियावी कारोबार ख़ुदा तआला के मुक़ाबले पर खड़े हैं। एक मोमिन तो इस यक़ीन पर क़ायम होता है और होना चाहिए कि मेरे कारोबार में बरकत, मेरे काम में बरकत अल्लाह तआला के फ़ज़ल से पड़ती है और पढ़नी है और फिर यह किस तरह हो सकता है कि मेरे दुनयवी काम अल्लाह तआला की आवाज़ के मुक़ाबले पर आकर खड़े हो जाएं। अगर ऐसा है तो हमने कलिमा की रूह को समझा ही नहीं। हम मुँह से तो इक़रार कर रहे हैं लेकिन हमारे अमल हमारे इक़रार का साथ नहीं दे रहे। हम पानी के चशमा के नज़दीक तो आ गए हैं लेकिन पानी पीने की तरफ़ हाथ नहीं बढ़ा रहे। अतः आप ने फ़रमाया अगर यह सूरत-ए-हाल है तो फिर तो हक़-ए-बैअत अदा नहीं हुआ।

यह कलिमा शहादत इस बात की ही तलक़ीन नहीं करता, इस बात की ही तरफ़ तवज्जा नहीं फेरता कि अल्लाह तआला का हक़ अदा करना है बल्कि अल्लाह तआला ने जो हुक़ूक़ुल ईबाद के अदा करने की तलक़ीन फ़रमाई है और हुक्म दिया है इस पर अमल करने की तरफ़ भी तवज्जा दिलाता है।

और जब इन्सान ये दो हुक़ूक़ अदा करता है तो तब ही हक़ीक़ी मोमिन बनता है और तभी एक हक़ीक़ी अहमदी मुस्लमान बैअत का हक़ अदा करता है।

फिर आप अपनी बैअत में आने वालों को नसीहत करते हुए फ़रमाते हैं : "अगर दुनिया-दारों की तरह रहोगे तो इस से कुछ फ़ायदा नहीं कि तुमने मेरे हाथ पर तौबा की। मेरे हाथ पर तौबा करना एक मौत को चाहता है ताकि तुम नई ज़िंदगी में एक और पैदाइश हासिल करो।" अर्थात बैअत करने के बाद तुम्हें एक नई रुहानी ज़िंदगी मिलनी चाहिए। अगर वह रुहानी ज़िंदगी नहीं मिलती और वही माद्दी ज़िंदगी की ख़ाहिशात और प्राथमिकता हैं तो फिर ऐसी बैअत कुछ फ़ायदा नहीं देगी। फ़रमाया "बैअत अगर दिल से नहीं तो कोई नतीजा उस का नहीं।"

मेरी बैअत से ख़ुदा दिल का इक़रार चाहता है। अतः जो सच्चे दिल से मुझे क़बूल करता है और अपने गुनाहों से सच्ची तौबा करता है ग़फ़ूर-ओ-रहीम ख़ुदा उसके गुनाहों को ज़रूर बख़श देता है और वह ऐसा हो जाता है जैसे माँ के पेट से निकला है तब फ़रिश्ते उसकी हिफ़ाज़त करते हैं।"

बिल्कुल मासूम हो जाता है। फ़रमाया कि "एक गांव में अगर एक नेक आदमी हो तो अल्लाह तआला उस नेक की रियाइत और ख़ातिर से इस गांव को तबाही से महफ़ूज़ कर लेता है लेकिन जब तबाही आती है तो फिर सब पर पड़ती है मगर फिर भी वह अपने बंदों को किसी न किसी नहज से बचा लेता है। अल्लाह की सुन्नत यही है कि अगर एक भी नेक हो तो उस के लिए दूसरे भी बचाए जाते हैं।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 3 पृष्ठ 262 ऐडीशन 1984 ई.)

अतः यह बुनियादी उसूल हमेशा याद रखना चाहिए।

अल्लाह तआला अपने ख़ालिस बंदों की दुआओं को सुनता और उनके नेक अम्लों को क़बूल करता है।

अतः हमें कोशिश करनी चाहिए कि हमारी इबादतें ख़ालिस अल्लाह तआला के लिए हों। हमारे अमल अल्लाह तआला की रज़ा को हासिल करने वाले हों।

आजकल जो दुनिया के हालात हैं उनसे ज़ाहिर हो रहा है कि बहुत ख़ौफ़नाक तबाही के बादल हमारे ऊपर मंडला रहे हैं।

अमरीका के सदर ने कल यह बयान दिया था कि अगर रूस के सदर ने ऐटमी हथियार का इस्तिमाल किया तो फिर उसके जवाब में दूसरी तरफ़ से भी प्रतिक्रिया होगी और फिर जो तबाही होगी वह दुनिया के ख़ातमे पर परिणाम देने

## हदीस नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और यदि खड़े होकर संभव न हो तो बैठ कर और यदि बैठ कर भी संभव न हो तो पीठ के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

वाली होगी। अतः इन मुल्कों में रहने वाले ये न समझें, जो यहां हिज्रत कर के आए हैं वे यह ख़्याल न करें कि हम यहां महफ़ूज़ हैं। कोई भी किसी जगह महफ़ूज़ नहीं है। इन बड़ी ताक़तों के लीडरों के जब दिमाग़ उलटते हैं तो फिर ये कुछ नहीं देखते। अतः इन हालात में अहमदियों का ही काम है कि दुआ से काम लें। अपनी इबादतों को अल्लाह तआला के लिए ख़ालिस करें। जैसा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया है कि नेक लोगों की ख़ातिर, अपने ख़ालिस बंदों की ख़ातिर अल्लाह तआला दूसरों को भी बचा लेता है और यही अल्लाह तआला के कलाम से क़ुरआन-ए-करीम से हमें पता चलता है। अतः इस सोच में किसी को नहीं रहना चाहिए कि यहां आकर हम महफ़ूज़ हो गए हैं, हमारे बच्चों के भविष्य महफ़ूज़ हो गए हैं। नहीं बल्कि बहुत ख़तरनाक दौर से हम गुज़र रहे हैं। अगर ऐसे हालात में कोई बच सकता है तो वह अल्लाह तआला की ज़ात है। अतः ख़ुद भी इस के आगे झुकें, अपनी नसलों को भी इस के आगे झुकने वाला बनाएँ ताकि अपने आपको भी महफ़ूज़ कर सकें और अपनी नसलों को भी महफ़ूज़ कर सकें।

इस दुनिया ने हमें नहीं बचाना न हमारा और हमारी नसलों का भविष्य महफ़ूज़ करना है बल्कि हम अगर لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰهِ के कलिमा का हक़ अदा करने वाले होंगे तो अल्लाह तआला हमारी आजिज़ाना दुआओं और नेक-आमाल की वजह से दुनिया को बचा लेगा।

अतः आजकल के हालात में इस हवाले से भी बहुत दुआएं करें। इस से पहले कि दुनिया के हालात इंतेहा से ज़्यादा बिगड़ जाएं।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं "नेकी वही है जो क़बल अज़ वक़्त है। अगर बाद में कुछ करे तो कुछ फ़ायदा नहीं। ख़ुदा नेकी को क़बूल नहीं करता जो सिर्फ फ़िल्लत के जोश से हो। कुश्ती डूबती है तो सब रोते हैं।" कुश्ती डूबने लगे तो सब रोने लग जाते हैं इस से पहले हा हू हू रही होती है। "परन्तु वह रोना और चिल्लाना चूँकि तक़ाज़ा फ़िल्लत का नतीजा है इस लिए उस वक़्त लाभदायक नहीं हो सकता। और वह इस वक़्त मुफ़ीद है जो इस से पहले होता है जबकि अमन की हालत हो।"

फ़रमाया "निसंदेह समझो कि ख़ुदा को पाने का यही गुण है। जो क़बल अज़ वक़्त चौकन्ना और बेदार होता है ऐसा बेदार कि गोया उस पर बिजली गिरने वाली है। इस पर हरगिज़ नहीं गिरती।" अगर वह बेदार होगा और यह सोचेगा कि बिजली गिरने वाली है तो फिर बिजली नहीं गिरती जितने मर्ज़ी कड़के हो रहे हों। "लेकिन जो बिजली को गिरते देखकर चिल्लाता है उस पर गिरेगी और हलाक करेगी। वह बिजली से डरता है न ख़ुदा से।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 3 पृष्ठ 265 ऐडीशन 1984 ई.)

अतः बड़े वाज़िह तौर पर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने हमें सचेत कर दी कि ख़ुदा तआला से ताल्लुक़ पैदा करना है तो अब करो। अभी तो ख़तरे के बादल ज़रा से उठे हैं या कम अज़ कम ऐसे हैं कि अगर चाहें तो कंट्रोल किए जा सकते हैं लेकिन किसी वक़्त भी ये फैल सकते हैं। अतः आज अहमदियों का ईमान और अल्लाह तआला से ताल्लुक़ और दुआएं दुनिया को तबाही से बचा सकती हैं।

दुनिया की हमदर्दी दिल में पैदा कर के दुआ करें। अपने अपने दायरे में दुनिया को समझाएँ कि अगर हुक़ूक़ अल्लाह और हुक़ूक़उल-ईबाद की तरफ़ तवज्जा नहीं दी तो ये ख़ूबसूरत दुनिया विरानियों में बदल सकती है। अतः हर अहमदी इस सोच के साथ अपने फ़र्ज़ अदा करने की कोशिश करे।

दुआओं की तरफ़ मज़ीद तवज्जा दिलाते हुए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं "देखो! तुम लोग कुछ मेहनत कर के खेत तैयार करते हो तो फ़ायदा की उम्मीद होती है। इस तरह पुर अमन के दिन मेहनत के लिए हैं। अगर अब ख़ुदा को याद करोगे तो इस का मज़ा पाओगे। अगरचे दुनिया के कामों के मुक़ाबला में नमाज़ों में हाज़िर होना मुश्किल काम मालूम होता है। आप ने बड़ा वाज़िह फ़र्मा दिया देखो दुनिया के कामों के मुक़ाबले में नमाज़ों में हाज़िर होना बाअज़ दफ़ा बड़ा मुश्किल लगता है। और तहज्जुद के लिए और भी मुश्किल है। फ़रमाया मगर अब अगर अपने आपको इसका आदी कर लोगे तो फिर कोई तकलीफ़ नहीं रहेगी। अगर दुआएं करोगे तो वह करीम-ओ-रहीम ख़ुदा एहसान करेगा फ़रमाया "देखो अब काम तुम करते हो (यानी दुनयावी काम भी करते हो।) अपनी जानों और कुम्बा पर रहम तुम करते हो। (उनकी ज़रूरीयात की फ़िक्र करते हो।) बच्चों पर तुम्हें रहम आता है। जिस तरह अब उन पर रहम करते हो यह भी एक तरीक़ है (यानी दुनियावी लिहाज़ से जो तुम रहम करते हो एक तरीक़ और भी है।) वह क्या तरीक़ है कि नमाज़ों में उनके लिए दुआएं करो। रुकू में भी दुआ करो। फिर सज्दे में दुआ करो कि अल्लाह तआला इस बला को फेर दे और अज़ाब से महफ़ूज़ रखे।

जो दुआ करता है वह महरूम नहीं रहता।

यह कभी मुम्किन नहीं है कि दुआएं करने वाला ग़ाफ़िल पलीद की तरह मारा जाए। अगर ऐसा न हो तो ख़ुदा कभी पहचाना ही न जाए। वह अपने सादिक़ बंदों और ग़ैरों में इमतेयाज़ कर लेता है। एक पकड़ा जाता है दूसरा बचाया जाता है। ग़रज़ ऐसा ही करो कि पूरे तौर पर तुम में सच्चा इख़लास पैदा हो जाए।

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात भाग 3 पृष्ठ 266 ऐडीशन 1984 ई.)

जबकि यह बातें उस ज़माने में आप ने कही थीं जब ताऊन की वबा फैली हुई थी लेकिन आजकल भी आलमी तबाही के जो आसार नज़र आ रहे हैं जैसा कि मैंने कहा उस के लिए ज़रूरी है कि हम अल्लाह तआला के हुज़ूर खासतौर पर झुकें और यही अपने आपको महफ़ूज़ करने का, दुनिया को महफ़ूज़ रखने का एक रास्ता है। फिर जमाअत को आला अख़लाक़ की नसीहत भी आप ने खासतौर पर फ़रमाई क्योंकि आला अख़लाक़ दिखाना भी अल्लाह तआला के हुक्मों में से एक हुक्म है। इसलिए आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं : "अख़लाक़ का दरुस्त करना बड़ा मुश्किल काम है जब तक इन्सान अपना अध्यन नहीं करता रहे यह इस्लाह नहीं होती।" अपना जायज़ा न लेते रहो, अपनी बातें जो तुम सारा दिन करते हो जिस तरह ज़िंदगी गुज़ारी, दिन गुज़ार रहे हो उसका जायज़ा न लो कि क्या अच्छाई की क्या बुराई की, क्या नेक बातें कीं, क्या ग़लत बातें कीं। जब तक जायज़ा न हो उस वक़्त तक इस्लाह नहीं हो सकती। फ़रमाया

"ज़बान की बद अख्लाक़ियां दुश्मनी डाल देती हैं इस लिए अपनी ज़बान को हमेशा क़ाबू में रखना चाहिए।"

फ़रमाया "देखो! कोई शख़्स ऐसे शख़्स के साथ दुश्मनी नहीं कर सकता जिसको अपना ख़ैर-ख़्वाह समझता है फिर वह शख़्स कैसा बेवक़ूफ़ है जो अपने नफ़्स पर भी रहम नहीं करता और अपनी जान को ख़तरा में डाल देता है जबकि वह अपने अंगों से अच्छा काम नहीं लेता और अख़लाक़ी कुव्वतों की तर्बीयत नहीं करता।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 3 पृष्ठ 346 ऐडीशन 1984 ई.)

अर्थात अक्लमंदी का तक़ाज़ा यह है कि जो ताक़तें और सलाहियतें इन्सान के अंदर हैं, अल्लाह तआला ने दी हुई हैं उनकी ऐसी तर्बीयत हो, उनको ऐसे तरीक़ पर प्रयोग किया जाए कि इन्सान के हर अमल से आला अख़लाक़ का इज़हार हो रहा हो। ज़रा ज़रा सी बात पर अगर बदअख़्लाकी का मुज़ाहेरा करोगे तो अपनी जान को ख़ुद मुश्किल में डालोगे।

यह भी याद रखना चाहिए कि जहां इस्लाम ज़ाती मुआमलात में सब्र, ज़बत, तहम्मुल और आला अख़लाक़ के इज़हार और लड़ाई झगड़े से बचने की तलक़ीन करता है वहां क़ानून की हदूद में रह कर दीनी ग़ैरत दिखाने की तरफ़ भी तवज्जा दिलाता है। इसलिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम उस दीनी ग़ैरत के इज़हार की तरफ़ तवज्जा दिलाते हुए फ़रमाते हैं : "वह शख़्स जो सिलसिला आलीया अर्थात दीन-ए- इस्लाम से ऐलानिया बाहर हो गया है और वह गालियां निकालता है और ख़तरनाक दुश्मनी करता है उसका मआमला और है जैसे सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो को मुश्किलात पेश आईं और इस्लाम की तौहीन उन्होंने अपने बाअज़ रिश्तेदारों से सुनी। तो फिर बावजूद ताल्लुक़ात शदीदा के "(अर्थात) गहरे ताल्लुक़ात होने के बावजूद, क़रीबी ताल्लुक़ात होने के बावजूद" उनको इस्लाम मुक़द्दम करना पड़ा।"

फ़रमाया "...एक शख़्स है जो इस्लाम का सख़्त दुश्मन है रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को गालियां देता है वह इस काबिल है कि इस से बेज़ारी और नफ़रत ज़ाहिर की जाए लेकिन अगर कोई शख़्स इस किस्म का हो कि वह अपने आमाल में सुस्त है तो वह इस काबिल है कि उसके क़सूर से दरगुज़र किया जाए और उससे उन ताल्लुक़ात पर ज़द न पड़े जो वह रखता है।"(मल्फ़ूज़ात भाग 3 पृष्ठ 346 ऐडीशन 1984 ई.)

हाँ अगर कोई मुख़ालेफ़त नहीं कर रहा तो फिर उससे ताल्लुक़ात रखो। अच्छे ताल्लुक़ात रखो लेकिन जो खुल कर मुख़ालेफ़त कर रहा है या इस्लाम को और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को गालियां दे रहा है, बावजूद समझाने के बाज़ नहीं आ रहा तो फिर वहां दीनी ग़ैरत दिखानी चाहिए और इसी तरह पर हर अहमदी को हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मुआमले में भी ग़ैरत दिखानी चाहिए।

जो शख़्स हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ख़िलाफ़ बावजूद समझाने के अपशब्द से बाज़ नहीं आता इसी तरह उससे भी हम दोस्ती का हाथ नहीं बढ़ा सकते और न किसी अहमदी की ग़ैरत यह बर्दाश्त करती है।

बहुत से आप में से हैं जो यहां पाकिस्तान से आए हैं। उन्हें ज़ाती तजुर्बा है कि किस किस्म की ग़लीज़ ज़बान हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ख़िलाफ़ वहां तथाकथित मुल्ला प्रयोग करते हैं। अगर हमें कहा जाए कि उनसे मुहब्बत का इज़हार किया जाए या उनके शर उन पर उल्टने की दुआ न की जाए तो हमारी ग़ैरत यह गवारा नहीं करती। वही उसूल जैसा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने बताया यहां भी चलेगा। हाँ हम ऐसे लोगों के ख़िलाफ़-ए-क़ानून भी हाथ में नहीं लेते क्योंकि यह भी इस्लामी तालीम का हिस्सा है कि किसी भी सूरत में क़ानून अपने हाथ में नहीं लेना। फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने एक और ख़ूबी जो अहमदियों मैं बैअत के बाद होनी चाहिए वर्णन फ़रमाई। आप ने फ़रमाया कि आपस में मुहब्बत और प्रेम पैदा करो ।

उसकी तालीम देते हुए आप फ़रमाते हैं कि हमारी जमाअत को सरसब्ज़ी नहीं आएगी जब तक वह आपस में सच्ची हमदर्दी न करें। जो पूरी ताक़त दी गई है वह कमज़ोर से मुहब्बत करे। अर्थात जो भी सलाहियतें और ताक़तें दी गई हैं इस को इस्तिमाल में ला कर कमज़ोरों से मुहब्बत करो न कि नफ़रत का इज़हार या बेज़ारी का इज़हार। आप फ़रमाते हैं कि मैं जो यह सुनता हूँ कि कोई किसी की लग़्ज़िश देखता है तो इस से अख़लाक़ से पेश नहीं आता बल्कि नफ़रत और कराहत से पेश आता है। आप ने फ़रमाया यह तरीक़ दरुस्त नहीं। आप ने फ़रमाया जमाअत तब बनती है जब एक दूसरे की पर्दापोशी की जाए और हक़ीक़ी भाईयों की तरह एक दूसरे से सुलूक करो। आप ने बड़े दर्द से फ़रमाया कि यह तरीक़ दरुस्त नहीं कि जमाअत में अंदरूनी फूट हो। सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने भी मुहब्बत-ओ-उख़ुवत आपस में पैदा की और एक जमाअत बन गई। आप अपनी जमाअत के अफ़राद से भी यही चाहते हैं कि वह आपस में सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो की तरह उख़ुवत का रिश्ता क़ायम करें। इसलिए फ़रमाया इसी तरह पर ख़ुदा तआला ने यह सिलसिला क़ायम किया है (अर्थात जिस तरह सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो का सिलसिला था और इसी किस्म की उख़ुवत वह यहां क़ायम करेगा। ख़ुदा तआला पर मुझे बड़ी उम्मीदें हैं। फ़रमाया देखो एक दूसरे का शिकवा करना, दिल-आज़ारी करना और सख़्त-ज़बानी कर के दूसरे के दिल को सदमा पहुंचाना और कमज़ोरों और आजिज़ों को हक़ीर समझना सख़्त गुनाह है।

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात भाग 3 पृष्ठ 348-349 ऐडीशन 1984 ई.)

अतः यह आला अख़लाक़ हैं कि एक दूसरे के जज़बात का ख़्याल रखा जाए और जब यह होगा तो तब ही हम हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की उम्मीदों पर पूरा उतर सकते हैं, तब ही हम इन इनामों के वारिस हो सकते हैं जिनका वादा अल्लाह तआला ने आप से आपकी जमाअत के विषय में फ़रमाया है। तभी हम अल्लाह तआला के फ़ज़लों को हासिल करने वाले बन सकते हैं।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के वक़्त में तो हिन्दुस्तान की मुख़्तलिफ़ कौमें और क़बीले जमाअत में शामिल हुए थे। अब तो अल्लाह तआला ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम से किए हुए वादे के मुताबिक़ दुनिया की मुख़्तलिफ़ क़ौमों और क़बीलों और रंग-ओ-नसल के लोगों को जमाअत में शामिल फ़र्मा दिया है और फ़र्मा रहा है। अतः यह अल्लाह तआला का मुख़्तलिफ़ क़ौमों और रंग-ओ-नसल के लोगों पर एहसान है कि उसने उन्हें आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जमाअत में शामिल होने की, आप के गुलाम-ए-सादिक़ की जमाअत में शामिल होने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाई और एक क़ौम बना दिया है। आप अलैहिस्सलाम ने इस तरफ़ तवज्जा दिलाई कि तुम आपस में भाई हो। फ़रमाया

"जबकि बाप जुदा-जुदा हों मगर आख़िर तुम सब का रुहानी बाप एक ही है और वह एक ही दरख़्त की शाख़ें हैं।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 3 पृष्ठ 349 ऐडीशन 1984 ई.)

